**भारत सरकार**

**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं0 4791**

**31 मार्च, 2022 को उत्तर के लिए**

# स्मार्ट सिटी जिलों के लिए व्यय की गई निधि

**4791. श्रीमती कनिमोझी करुणानिधि:**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) योजना की शुरुआत से अब तक इस योजना के अंतर्गत तमिलनाडु में स्मार्ट सिटी जिलों के लिए अब तक वर्षा जल निकासी पर किए गए व्यय सहित वर्ष-वार और परियोजना-वार कुल कितनी धनराशि व्यय की गई है,

(ख) क्या सरकार ने तमिलनाडु के जिलों में मौसमी बाढ़ को रोकने में एससीएम के अंतर्गत निर्मित परियोजनाओं की प्रभावकारिता के संबंध में कोई अध्ययन किया है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**

**(श्री कौशल किशोर)**

(क) से (ग): भारत सरकार ने 25 जून 2015 को स्मार्ट सिटीज मिशन (एससीएम) की शुरूआत की। जनवरी 2016 से जून 2018 तक प्रतियोगिता के 4 दौर के माध्यम से 100 स्मार्ट शहरों का चयन किया गया है। तमिलनाडु के 11 शहर, अर्थात चेन्नई, कोयंबटूर, ईरोड, मदुरै, सलेम, तंजावुर, थूथुकुडी, तिरुचिरापल्ली, तिरुनेलवेली, तिरुपुर और वेल्लोर को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने हेतु चयन किया गया है। तमिलनाडु में परियोजनाओं की स्थिति, स्मार्ट शहरों द्वारा जारी और उपयोग की गई निधियों की स्थिति अनुलग्नक-I में दी गई है ।

76 स्मार्ट शहरों (तमिलनाडु के 11 स्मार्ट शहरों सहित ) में एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र (आईसीसीसी) का संचालन किया गया है। ये आईसीसीसी यातायात प्रबंधन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, जल वितरण प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में बेहतर निगरानी और दक्षता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। आपदा प्रबंधन उनके कार्यों का एक प्रमुख घटक है। कई स्मार्ट शहरों ने जल-भराव की निगरानी, शहरी बाढ़ को दर्शाने और प्रबंधित करने और आपदा प्रबंधन गतिविधियों के समन्वय के लिए आपदा प्रबंधन, आपातकालीन प्रतिक्रिया और पूर्व चेतावनी तंत्र की स्थापना की है। तमिलनाडु राज्य सरकार ने सूचित किया है कि कोयंबटूर और तूतीकोरिन स्मार्ट सिटीज ने बाढ़ को रोकने के लिए अध्ययन किए हैं। एक समिति का भी गठन किया गया है और जिसे क्षेत्र-विशिष्ट वर्षा जल निकासी योजनाएँ देने और चेन्नई के लिए दीर्घकालिक योजनाएँ तैयार करने का कार्य सौंपा गया है। तमिलनाडु में स्मार्ट शहरों की वर्षा जल निकासी (एसडब्ल्यूडी) परियोजनाओं का ब्यौरा अनुलग्नक-II में दिया गया है ।

*****

**माननीया सांसद श्रीमति कनिमोझी करुणानिधि द्वारा स्मार्ट सिटी जिलों के लिए खर्च की गई निधियों के संबंध में पूछे गए दिनांक 31.03.2022 के लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4791 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-I**

<u>तमिलनाडु में स्मार्ट शहरों की परियोजनाओं की स्थिति</u>

**(राशि करोड़ रुपए में)**

| स्मार्ट सिटी | एससीएम के तहत केंद्र सरकार द्वारा जारी की गई निधि | स्मार्ट सिटी द्वारा उपयोग की गई निधि | डीपीआर चरण | | निविदा चरण | | कार्य आदेश चरण | | पूरे किए गए कार्य | | कुल | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | परियोजनाओं की संख्या | राशि | परियोजनाओं की संख्या | राशि | परियोजनाओं की संख्या | राशि | परियोजनाओं की संख्या | राशि | परियोजनाओं की संख्या | राशि |
| चेन्नई | **497.62** | **386.70** | 0 | 0.00 | 1 | 41.92 | 8 | 322.29 | 37 | 599.64 | 46 | 963.85 |
| कोयंबटूर | **490.00** | **390.41** | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 17 | 819.58 | 56 | 322.62 | 73 | 1142.20 |
| ईरोड | **392.00** | **286.07** | 0 | 0.00 | 3 | 14.87 | 35 | 717.84 | 17 | 617.80 | 55 | 1350.51 |
| मदुरै | **392.00** | **361.22** | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 10 | 1804.73 | 4 | 87.65 | 14 | 1892.38 |
| सलेम | **392.00** | **343.00** | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 29 | 675.41 | 57 | 1221.04 | 86 | 1896.45 |
| तंजावुरी | **294.00** | **289.00** | 12 | 60.80 | 5 | 37.55 | 66 | 849.33 | 29 | 149.75 | 112 | 1097.43 |
| थुथुकुड़ी | **294.00** | **285.86** | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 40 | 1024.50 | 28 | 133.16 | 68 | 1157.66 |
| तिरुचिरापल्ली | **294.00** | **290.55** | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 49 | 1348.60 | 32 | 190.64 | 81 | 1539.24 |
| तिरुनेलवेली | **294.00** | **287.80** | 1 | 14.89 | 2 | 13.48 | 51 | 622.20 | 30 | 1199.64 | 84 | 1850.21 |
| तिरुपूर | **392.00** | **384.36** | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 19 | 2500.60 | 7 | 379.38 | 26 | 2879.98 |
| वेल्लोर | **343.00** | **290.15** | 0 | 0.00 | 2 | 65.60 | 27 | 1840.56 | 16 | 443.72 | 45 | 2349.88 |
| **कुल** | **4,074.62** | **3,595.12** | **13** | **75.69** | **13** | **173.42** | **351** | **12,525.64** | **313** | **5,345.04** | **690** | **18,119.79** |

(स्रोत: 4 मार्च 2022 तक एससीएम भू-स्थानिक प्रबंधन सूचना प्रणाली (जीएमआईएस) )

**माननीया सांसद श्रीमति कनिमोझी करुणानिधि द्वारा स्मार्ट सिटी जिलों के लिए खर्च की गई निधियों के संबंध में पूछे गए दिनांक 31.03.2022 के लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4791 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-II**

तमिलनाडु में स्मार्ट शहरों की एसडब्ल्यूडी परियोजनाओं का ब्यौरा

**(राशि करोड़ रुपए में )**

| **क्रमांक _** | **स्मार्ट शहर** | **परियोजना का नाम** | **परियोजना की लागत** | **माइलस्टोन** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चेन्नई | मौजूदा वर्षा जल नेटवर्क चरण 2 का विस्तार, एसडब्ल्यूडी नाले में लुप्त लिंक का निर्माण। | 9.37 | कार्य पूरा हो गया है |
| 2 | चेन्नई | जल निकायों की मरम्मत। | 12.35 | कार्य पूरा हो गया है |
| 3 | चेन्नई | चेन्नई शहर के विभिन्न स्थानों में वर्षा जल निकासी-छूटा हुआ लिंक। | 97.31 | कार्य पूरा हो गया है |
| 4 | चेन्नई | वर्षा जल निकासी-चेन्नई शहर के विभिन्न स्थानों में छूटा हुआ लिंक-चरण 2। | 44.05 | कार्य पूरा हो गया है |
| 5 | चेन्नई | माम्बलम नहर-चरण-II के लिए कैनाल लाइनिंग, शेयर्ड पाथवे, पार्क का साइकिल ट्रैक निर्माण और ग्रीन पॉकेट सहित बाढ़ सुरक्षा रिटेनिंग वॉल का निर्माण। | 24.17 | कार्यान्वयन चल रहा है। |
| 6 | चेन्नई | अड्यार बेसिन क्षेत्र 10 में बज़ुल्लाह रोड नगर और ज़ोन 9 में अड्यार बेसिन में थिरुमालिपिल्लई रोड में और उसके आसपास जलजमाव को रोकने के लिए वर्षा जल निकासी की अभिकल्पना, इंजीनियरिंग और निर्माण । | 21.95 | कार्यान्वयन चल रहा है। |
| 7 | तंजावुर | दीवान नगर में वर्षा जल निकासी विकसित करना। | 1.57 | कार्यान्वयन चल रहा है। |
| 8 | तंजावुर | कल्लुकट्टी स्ट्रीट पर वर्षा जल निकासी विकसित करना । | 5.75 | कार्यान्वयन चल रहा है। |
| 9 | तंजावुर | सेप्पनईकनवारी में वर्षा जल निकासी विकसित करना । | 6.00 | कार्यान्वयन चल रहा है। |
| 10 | तंजावुर | अथम खान चैनल का पुनर्विकास । | 7.00 | कार्यान्वयन चल रहा है। |
| 11 | तंजावुर | आनंदम नगर 2 पैकेजों में वर्षा जल निकासी विकसित करना । | 0.84 | कार्यान्वयन चल रहा है। |
| 12 | तंजावुर | पिलुकरथेरु से चिन्मय पिल्लई स्ट्रीट (आथम खान चैनल) 3 पैकेज तक वर्षा जल निकासी विकसित करना | 8.00 | कार्यान्वयन चल रहा है। |
| 13 | तंजावुर | दीवान नगर एसडब्ल्यूडी के लिए अतिरिक्त घटक। | 0.42 | कार्यान्वयन चल रहा है। |
| 14 | तंजावुर | कुंडवई नचियार आर्ट्स कॉलेज रोड में वर्षा जल निकासी का निर्माण | 3.14 | कार्यान्वयन चल रहा है। |
| 15 | सलेम | वेल्लाकुट्टई चैनल कुमारगिरि से एरी आउटलेट तक कुरिंजी नगर, जोन-III। में सुधार - | 9.15 | कार्य पूरा हो गया है |
| 16 | सलेम | वर्षा जल निकासी-एबीडी क्षेत्र में सुधार। | 3.09 | कार्य पूरा हो गया है |

| क्रमांक _ | स्मार्ट शहर | परियोजना का नाम | परियोजना की लागत | माइलस्टोन |
|---|---|---|---|---|
| 17 | सलेम | वर्षा जल निकासी- ओडई सुधार चरण II। | 4.37 | कार्य पूरा हो गया है |
| 18 | सलेम | कालीधासर मुख्य सड़क दक्षिण की ओर, सन्नियासिगुंडु मुख्य सड़क, गांधीमहान स्ट्रीट, अन्नियासिगुंडु मुख्य सड़क से वेल्लाकुट्टियोदई जेआर कैम्ब्रिज स्कूल के पीछे की ओर और वेल्लाकुट्टई चैनल पर वर्षा जल निकासी और पुलियों का सुधार । | 5.53 | कार्य पूरा हो गया है |
| 19 | वेल्लोर | जोन II एबीडी क्षेत्र में रिटेनिंग वॉल उपलब्ध कराना। | 10.00 | कार्यान्वयन चल रहा है। |
| 20 | वेल्लोर | आरसीसी अस्तर। | 29.00 | कार्यान्वयन चल रहा है। |
| 21 | वेल्लोर | बाढ़ शमन के लिए मांडवैली कनारु थंदुमरियाम्मनकोईल और शक्ति नगर तक स्मार्ट स्मार्ट चैनल। | 6.00 | कार्यान्वयन चल रहा है। |
| 22 | वेल्लोर | बाढ़ शमन के लिए मंगामंडी से वेल्लोर किचन तक स्मार्ट चैनल । | 4.50 | कार्यान्वयन चल रहा है। |
| 23 | वेल्लोर | वीओसी नगर से 34वीं गली (डब्ल्यू-24), एनएचएआई रोड (मस्जिद के पास ) तक तंदुमरियामण  कोइल (डब्ल्यू-17), कागीथपट्टरी आरकोट रोड से सेपंथी कॉलोनी तक निकेलसन चैनल (डब्ल्यू-16), आरकोट रोड से निकल सोन बाढ़ शमन के लिए स्मार्ट चैनल विकास | 7.15 | कार्यान्वयन चल रहा है। |
| 24 | वेल्लोर | एबीडी क्षेत्र में चैनलों का सुधार। | 24.00 | कार्यान्वयन चल रहा है। |
| 25 | वेल्लोर | सरकार थोप्पू से कांगयानल्लूर तक बाढ़ शमन के लिए स्मार्ट चैनल | 5.43 | कार्यान्वयन चल रहा है। |
| 26 | तिरुपूर | मैक्रो ड्रेनेज। | 16.23 | कार्यान्वयन चल रहा है। |
| 27 | तिरुपूर | मैक्रो ड्रेनेज पीकेजी II। | 28.93 | कार्यान्वयन चल रहा है। |
| 28 | थुथुकुड़ी | वर्षा के पानी की निकासी। | 43.22 | कार्यान्वयन चल रहा है। |
| 29 | थुथुकुड़ी | बाढ़ शमन के लिए वर्षा जल निकासी। | 76.22 | कार्यान्वयन चल रहा है। |
| 30 | थुथुकुड़ी | बाढ़ शमन-एसडब्ल्यूडी-चरण-III-पैकेज-I, II, III IV। | 47.61 | कार्यान्वयन चल रहा है। |
| 31 | थुथुकुड़ी | एनएच 7A पर बाढ़ शमन के लिए वर्षा जल निकासी। | 69.71 | कार्य पूरा हो गया है |
| 32 | थुथुकुड़ी | वर्षा जल निकासी चरण 2 पैकेज I , II, V, VI । | 38.14 | कार्य पूरा हो गया है |
| 33 | तिरुचिरापल्ली | आरसीसी कवर स्लैब, क्रॉस कल्वर्ट, स्मार्ट चैनल और रिटेनिंग वॉल के साथ वर्षा जल निकासी का पुनर्निर्माण - भाग 1 50 कार्य। | 46.69 | कार्यान्वयन चल रहा है। |
| 34 | तिरुचिरापल्ली | आरसीसी कवर स्लैब, क्रॉस कल्वर्ट, स्मार्ट चैनल और रिटेनिंग वॉल 22 वर्क्स-पार्ट 2 के साथ वर्षा जल निकासी का पुनर्निर्माण | 20.41 | कार्य पूरा हो गया है |